देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 18 अंकः 209 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
छोटी सी राहत



देहरादून, रविवार, 26 नवंबर 2023

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 15.0° 66023.69

2 अमेरिका में तेजी से फैल रहा बर्ड फ्लू 7 मुंबई इंडियंस में जा सकते हैं हार्दिक

# समय बढ़ने से परिजनों में बढ़ी बेचैनी

## सिलक्यारा सुरंग में 41 मजदूरों को निकालने की कोशिश जारी

**संवाददाता**

उत्तरकाशी। चारधाम ऑलवेदर परियोजना की सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों की जिंदगी बचाने के लिए बचाव अभियान चल रहा है। पिछले 13 दिनों से टनल के अंदर फंसे श्रमिकों का स्वास्थ्य ठीक है। लगातार पाइप के जरिए श्रमिकों को खाना पहुंचाया जा रहा है। 14वें दिन उम्मीद की जा रही थी कि सभी मजदूर सकुशल बाहर आ जाएंगे।

एनडीएमए के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने कहा कि अच्छी खबर यह है कि अंदर फंसे 41 मजदूर ठीक हैं। उनके पास सभी चीजें जा रही है... मजदूरों के परिजन भी आ गए हैं और उन्होंने बात भी की है। वहीं बचाव अभियान में कुछ समस्याओं का हम सामना कर रहे हैं। ऑगर मशीन में क्षति हुई है। मशीन के उस हिस्से को बाहर लाने के लिए उन्नत मशीनरी की आवश्यकता है, जिसे भारतीय वायु सेना द्वारा हवाई मार्ग से लाया जा रहा है जो जल्द ही सुरंग स्थल पर पहुंच जाएगा।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने कहा, हमें थोड़ा धैर्य रखना पड़ेगा। काम करने वालों पर किसी प्रकार का दबाव नहीं डालना है। याद रखना है कि जहां भी काम हो रहा है वे खतरनाक है।

सिलक्यारा सुरंग बचाव अभियान पर अंतर्राष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ, अर्नोल्ड डिक्स ने कहा कि ऑगर मशीन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। अब कोई ऑगर मशीन नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बचाव दल लंबवत और हाथ से ड्रिलिंग सहित अन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। पिछले कुछ दिन से ऑगर मशीन से ड्रिल करने के दौरान लगातार बाधाएं आ रही थीं। वर्टिकल, दूसरे छोर से और मैनुअल खुदाई। यानि रेस्क्यू अभी लंबा खींचेगा।

दूसरी तरफ सिलक्यारा टनल के ऊपरी हिस्से में शनिवार को पानी का रिसाव बढ़ने से चिंताएं भी बढ़ रही हैं। 14 दिन से सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर न निकालने पर बाहर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। वहीं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यहां फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए चल रहे बचाव अभियान का जायजा लेने के बाद सिलक्यारा सुरंग स्थल से रवाना हुए।



### मैंने कभी नहीं वादा किया था...

अर्नोल्ड डिक्स ने आगे कहा, मुझे बिलकुल नहीं पता कि किस दिन मजदूर बाहर निकलेंगे। मेरा मतलब यह है कि हम लोगों को जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। हमें सबसे जरूरी बात पर विचार करना चाहिए और वह यह है कि सभी मजदूर सुरक्षित बाहर निकल आएं। मुझे विश्वास है कि वो क्रिसमस तक अपने घर पर होंगे। विदेशी एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने आगे कहा, शुरुआत से ही मैंने कभी यह वादा नहीं किया था कि वो जल्दी बाहर होंगे। मैंने कभी नहीं वादा किया था कि यह रेस्क्यू ऑपरेशन आसान होगा। मैं कभी यह नहीं कहा कि मजदूरों को कल या आज रात टनल से बाहर निकाल लिया जाएगा।

### वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए सुरंग के ऊपर पहुंचाई मशीनें

सुरंग में ऑगर ड्रिलिंग बंद हो गई है। इसके बाद अब सुरंग के ऊपर वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए मशीनें चढ़ना शुरू हो गई हैं। ऑगर मशीन में बरमे के ब्लेडों को काटकर निकालने के लिए हैदराबाद से प्लाज्मा कटर मंगाया गया है। जिसके पहुंचने का इंतजार है। वहीं कांग्रेस नेता सूर्यकांत धस्माना ने कहा कहा कि सरकार यह भी बताए कि सिलक्यारा सुरंग मामले के लिए जिम्मेदार किन लोगों, एजेंसियों और कार्यदायी संस्थाओं पर अब तक क्या कार्रवाई हुई। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी का हर नेता व कार्यकर्ता भगवान से सिलक्यारा सुरंग आपदा में फंसे सभी 41 श्रमिकों के सुरक्षित निकल आने की प्रार्थना कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड में कोर्ट ने किया सजा का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड में चार आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। मालूम हो कि आरोपी रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलबीर मलीक और अजय कुमार मर्डर केस में दोषी करार दिए गए हैं। साथ ही कोर्ट ने चारों आरोपियों पर जुर्माना लगाया है। एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी समाचार चैनल में पत्रकार रहीं विश्वनाथन की 30 सितंबर, 2008 की देर रात दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### डीपफेक लोकतंत्र के लिए बड़ा खतराः आईटी मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। डीपफेक दुनिया भर में एक बढ़ती हुई समस्या बन गई है। भारत सरकार अब देश में डीपफेक से निपटने के लिए एक ठोस कार्ययोजना लागू करने पर विचार कर रही है। भारत के आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि ये प्लान अगले 10 दिनों में तैयार हो जाएंगे।

# इस बार बीजेपी के पक्ष में है हवाः पीएम

## बीआरएस-कांग्रेस पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैदराबाद। तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव प्रचार भी अपने अंतिम दौर पर है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि वो काशी से सांसद हैं, जिसे शिव और गंगा की नगरी कहा जाता है। महेश्वरम की पुण्यभूमि पर आकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। आप सभी ने इतनी बड़ी संख्या में यहां आकर राजनीति के ज्ञानियों को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि तेलंगाना में भाजपा के लिए विश्वास लगातार बढ़ रहा है। तेलंगाना भाजपा को मौका देने के लिए यहां की जनता–जनार्दन तत्पर दिख रही है।

### तेलंगाना में दिख रही बदलाव की लहर

पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना के लोग बीआरएस सरकार के 9 साल के शासन से तंग आ चुके हैं और इससे आजादी चाहते हैं। इस बार हवा बीजेपी के पक्ष में है। मुझे तेलंगाना में बदलाव की लहर दिख रही है। लोगों ने हमारा ट्रैक रिकॉर्ड देखा है, बीजेपी जो कहती है उसे पूरा करती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मतदाताओं को कांग्रेस और बीआरएस से सतर्क रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस एक–दूसरे पर आरोप लगाते हैं, लेकिन दोनों भीतर–भीतर मिले हुए हैं। इतिहास खोलकर देखेंगे तो पता चलेगा कि इनका रिश्ता 40–50 साल पुराना है। केसीआर ने कांग्रेस से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की। 2004 में कांग्रेस ने केसीआर को कैबिनेट मिनिस्टर बनाया था। जब तेलंगाना बना तब केसीआर किस पार्टी के पास गए थे? कांग्रेस। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मु जी के खिलाफ बीआरएस ने कांग्रेस का समर्थन किया। उपराष्ट्रपति के चुनाव में भी बीआरएस ने कांग्रेस का साथ दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार के खिलाफ कुछ समय पहले संसद में आए अविश्वास प्रस्ताव पर बीआरएस ने कांग्रेस का साथ दिया। बीआरएस का असली दोस्ती कांग्रेस से है।

# मतदान का समय हुआ खत्म फिर भी कई जगह लंबी कतारें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

राजस्थान। राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर हो रहे मतदान का आधिकारिक वक्त छह बजते ही समाप्त हो गया। हालांकि उसके बाद भी मतदान केंद्रों पर लंबी–लंबी कतारें नजर आई। जो भी कतार में लगे थे, उन सभी ने वोट डालें। पांच बजे तक 68.24 प्रतिशत वोट डाले जा चुके थे। गौरतलब है कि विधानसभा की 199 सीटों पर 1,863 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, सचिन पायलट, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और दीया कुमारी समेत कई दिग्गज नेताओं की किस्मत शनिवार को ईवीएम में कैद हो चुकी है। वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कहा कि लोगों का आशीर्वाद हमें मिल चुका है, कांग्रेस की सरकार फिर से बनेगी। कौन क्या कह रहा है मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता, मैं मेरी बात कर रहा हूं।

राजस्थान में हाईएस्ट पोलिंग 2013 में 75.69 प्रतिशत रही थी। इसके बाद 2018 में यह 74.71 प्रतिशत रही थी। हालांकि इस बार की पोलिंग अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ती नजर आ रही है। पोलिंग के आंकड़े कल सुबह तक अपडेट होते रहेंगे। इसमें पोलिंग प्रतिशत दो से तीन प्रतिशत तक बढ़ने का ट्रेंड रहा है। पिछले चुनावों में तिजारा में 82 प्रतिशत पोलिंग हुई थी। शिव में 79.77 प्रतिशत पिछले चुनावों में वोट पड़े थे और बायतू में 82.55 प्रतिशत मतदान हुआ था।

### मतदान

■शाम 5 बजे तक 68.24 प्रतिशत वोटिंग हुई

### कांमा विधानसभा क्षेत्र के सबलेर मतदान केंद्र पर हुआ झगड़ा

भरतपुर के कांमा विधानसभा क्षेत्र के सबलेर मतदान केंद्र पर झगड़े होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस उम्मीदवार जाहिदा खान के पुत्र के साथ झगड़ा हुआ है। दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा पथराव भी किया गया है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# सैनिक का बेटा हूं, सैनिकों के कल्याण को हूं प्रतिबद्धः सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में शनिवार को रैबार कार्यक्रम हुआ। जिसमें उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ बीजेपी नेता भगत सिंह कोश्यारी, सीडीएस अनिल चौहान, बीजेपी नेता अनिल बलूनी, स्वर्गीय जनरल बिपिन सिंह रावत की बेटी तारिणी रावत, पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल अनिल भट्ट और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी सहित कई गणमान्य शख्सियतों ने शिरकत की और मंच से अपने विचारों को साझा किया।

### इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में हुआ रैबार कार्यक्रम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड के विकास का महायज्ञ जारी है। उन्होंने कहा कि भगवान से प्रार्थना करता हूं कि सिल्क्यारा में फंसे हमारे मजदूर भाई जल्द बाहर निकले। नजदीक पहुंच रह गए हैं लेकिन कुछ न कुछ दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने कहा– मैं खुद के एक सैनिक का पुत्र हूं, हमारी सरकार सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

## न्यूज डायरी



### जार्ज फ्लायड की हत्या में दोषी पूर्व पुलिस अधिकारी पर हुआ हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एरीजोना। अमेरिका के मिनियापोलिस के पूर्व पुलिस अधिकारी डेरेक चाउविन पर शुक्रवार को टक्सन की जेल में चाकू से हमला किया गया। बता दें कि चाउविन को जार्ज फ्लायड की हत्या मामले में दोषी ठहराया गया था। वह 20 साल से अधिक की सजा काट रहे हैं। जेल प्रशासन ने पुष्टि की कि हमले में कोई अन्य कैदी या जेल कर्मचारी घायल नहीं हुआ और स्थिति पर तुरंत काबू पा लिया गया। गौरतलब है कि अमेरिकी शहर मिनियापोलिस में अफ्रीकी मूल के अश्वेत नागरिक फ्लायड की मई 2020 में मौत हो गई थी। एक दुकानदार ने फ्लायड के खिलाफ पुलिस में नकली नोट के इस्तेमाल की शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार अपनी कार में बैठाना चाहा, तो उन्होंने विरोध शुरू कर दिया था। पुलिस अधिकारी चाउविन ने फ्लायड को जमीन पर पटक दिया और उनकी गर्दन को घुटनों से दबा दिया। इससे फ्लायड की मौत हो गई थी। इसके बाद अमेरिका के कई शहरों में नस्ली हिंसा और पुलिसिया बर्बरता के विरोध में प्रदर्शन हुए थे।

### आस्ट्रेलिया में हमले का शिकार भारतीय युवक कोमा में पहुंचा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के तस्मानिया विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री कर रहा भारतीय युवक हमले के बाद कोमा में पहुंच गया है। यह हमला उस पर इस महीने की शुरुआत में किया गया था। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया है कि क्या यह नस्ली कारणों से किया गया था। पांच नवंबर को तड़के 4.20 बजे हमले के शिकार 20 वर्षीय युवक को रायल होबर्ट अस्पताल ले जाया गया। उसकी ब्रेन की सर्जरी की गई। मामले में पुलिस ने 25 वर्षीय बेंजामिन डाज कालिंग्स को गिरफ्तार किया था। बाद में उसे जमानत पर छोड़ दिया गया। युवक को जानने वाले जर्मनजीत सिंह का कहना है कि हमारे दोस्त पर बिना किसी कारण के हमला बोला गया। उसने कहा कि पीड़ित का परिवार असम में रह रहा है। उसके पास आस्ट्रेलिया आने के लिए पासपोर्ट नहीं है। तस्मानिया विश्वविद्यालय के मीडिया निदेशक बेन वाइल्ड ने कहा कि वे परिवार के साथ नियमित संपर्क में हैं और मामले के लिए एक प्रबंधक को नियुक्त किया गया है।

### अमेरिका में तेजी से फैल रहा बर्ड फ्लू, जापान में भी मिला सीजन का पहला केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका में बर्ड फ्लू के मामलों में इजाफा देखने को मिला है। बर्ड फ्लू के कारण उद्योगों पर भी बुरा असर पड़ा है। अमेरिकी कृषि विभाग द्वारा इस सप्ताह बड़ी मात्रा में बर्ड फ्लू के मामलों की पुष्टि की गई है। संक्रामक वायरस के प्रसार को रोकने के लिए ओहियो अंडा फार्म में मौजूद 13 लाख से अधिक मुर्गियों को मारने का फैसला लिया गया है। हालांकि, वर्ष 2022 की शुरुआत में शुरू हुए इस बर्ड फ्लू के केस इस साल काफी कम है। बीमारी को फैलने से रोकने के लिए इस साल अभी तक 81 लाख पक्षियों को मारा गया है और उनमें से 58 लाख को सिर्फ इसी महीने मारा गया है। इसका कारण ये था कि कई बड़े अंडा फार्म प्रभावित हुए हैं। इसमें ओहियो सबसे बड़ा अंडा फार्म है। अंडा फार्म टर्की या चिकन फार्म की तुलना में बहुत बड़े होते हैं, कभी–कभी इतने बड़े कि लाखों पक्षी इसमें रखे जाते हैं। देश का सबसे बड़ा अंडा उत्पादक राज्य आयोवा इस प्रकोप से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है और यहां सबसे ज्यादा पक्षी मारे गए। इस सप्ताह, मिनेसोटा, मैरीलैंड, साउथ डकोटा, विस्कॉन्सिन, जॉर्जिया और कैलिफोर्निया के फार्म में भी बर्ड फ्लू के बड़े पैमाने पर मामलों की पुष्टि हुई है। हालांकि, इनमें सबसे ज्यादा मामले मैरीलैंड चिकन फार्म के थे, जहां 1 लाख 98 हजार 200 पक्षियों को मार दिया गया था। जापान के एक पॉल्ट्री फार्म में भी इस सीजन का पहला बर्ड फ्लू केस मिला है। कृषि मंत्रालय के अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि सागा प्रान्त में स्थानीय सरकार ने कहा कि वो फार्म में लगभग 40,000 पक्षियों को मार डालेगी। जापान में पिछले सीजन में रिकॉर्ड 1 करोड़ 77 लाख पॉल्ट्री पक्षियों को मार दिया गया था, जिससे अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहना पड़ा।

# इजरायली अरबपति के स्वामित्व वाले जहाज पर हिंद महासागर में हमला

**आरोप**

## अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने जताया संदेह, ईरानी ड्रोन से जहाज को बनाया गया निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**




दुबई। इजरायल के एक अरबपति के मालिकाना वाले कंटेनजर जहाज पर हमला होने का मामला सामने आया है। यह हमला हिंद महासागर में एक संदिग्ध ईरानी ड्रोन ने किया। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

रक्षा अधिकारी, जिन्होंने खुफिया मामलों पर चर्चा करने के लिए नाम न छापने की शर्त पर न्यूज एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस से बात की, ने कहा कि संदेह है कि माल्टा–ध्वजांकित जहाज को अंतराराष्ट्रीय जल क्षेत्र में त्रिकोण के आकार के बम ले जाने वाले शहीद–136 ड्रोन द्वारा निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन में विस्फोट होने से जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, चालक दल का कोई सदस्य घायल नहीं हुआ। अधिकारी ने कहा कि हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। हालांकि, उन्होंने उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि अमेरिकी सेना क्यों मानती है कि इस हमले के पीछे ईरान का हाथ है।

फ्रांस के मार्सिले में स्थित शिपिंग कंपनी सीएमए सीजीएम ने मामले पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, जहाज का चालक दल ऐसा व्यवहार कर रहा था, मानो उन्हें लगा हो कि जहाज खतरे का सामना कर रहा है।

**मंगलवार से बंद था स्वचालित पहचान प्रणाली:** एपी द्वारा विश्लेषण किए गए डंतपदमज्तंपिब.बवउ के आंकड़ों के अनुसार, जब जहाज मंगलवार को दुबई के जेबेल अली बंदरगाह से रवाना हुआ था, तब उसका स्वचालित पहचान प्रणाली ट्रैकर बंद था। सुरक्षा कारणों से जहाजों को अपने एआईएस को सक्रिय रखना चाहिए, लेकिन अगर ऐसा लगता है कि उन्हें निशाना बनाया जा सकता है तो चालक दल उन्हें बंद कर देंगे। उसने पहले भी ऐसा ही किया था, जब वह ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के घर यमन के पास से लाल सागर के रास्ते गुजर रहा था। सिमी का स्वामित्व सिंगापुर स्थित ईस्टर्न पैसिफिक शिपिंग के पास है, जो इजरायली अरबपति इदान ओफर द्वारा नियंत्रित कंपनी है। मामले पर इजरायली सेना और संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने भी अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

**सात अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर किया हमला:** गौरतलब है कि सात अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हमला कर हजारों लोगों को मौत के घाट उतार दिया, जबकि कई लोगों को बंधक बना लिया। इजरायल ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए हमास के खिलाफ जंग का एलान कर दिया। इसी दौरान हूती विद्रोहियों ने यमन के पास लाल सागर में एक वाहन परिवहन जहाज को हाईजैक कर लिया। इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया ने भी युद्ध के दौरान इराक और सीरिया दोनों में अमेरिकी सैनिकों पर हमले शुरू किए। हालांकि ईरान को अभी तक सीधे तौर पर किसी हमले से नहीं जोड़ा गया है।

## गाजा ही नहीं दुनियाभर में हमास कमांडरों का पीछा करेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल ने साफ कर दिया है कि हमास को खत्म करने की अपनी मुहिम से वह पीछे नहीं हटने वाला है। इजरायल डिफेंस फोर्स के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने हमास कमांडरों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि गाजा ही नहीं बल्कि और दुनिया भर में उनका पीछा किया जा रहा है। हमास के कमांडर गाजा, कतर या दुनियाभर में कहीं भी रहें, इजरायली की सेना उनका पीछा करेगी और उनको खत्म करेगी।

इयरालयी सेना के प्रवक्ता की हमास को धमकी उसके कई पुराने ऑपरेशन को भी याद दिलाती है। जब इजरायल की खुफिया एजेंसी और सेना ने मिलकर आतंकी हमलों के मास्टरमाइंडों को खत्म किया। हालांकि हाल के सालों में इजरायल की ओर से ओर से उस तरह के ऑपरेशन नहीं हुए, जैसे म्यूनिख नरसंहार के बाद हुए थे।

हालांकि समय–समय पर इजरायल की खुफिया एजेंसी पर हमास के कमांडरों को मारने के आरोप लगते रहे हैं। 2010 में मोसाद पर दुबई में महमूद अल–मबौह की हत्या का आरोप लगाया गया था। ईरान में भी हमास से जुड़े कमांडरों की हत्याओं का आरोप इजरायल पर लगा है। हगारी ने जिस तरह से हमास कमांडरों को विदेशों में ढूंढ़ लेने की बात कही है।



फलस्तीनी कैदियों की रिहाई पर जश्न मनाते दिखे लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेस्ट बैंक। तीन दर्जन से अधिक फलस्तीनियों कैदी शुक्रवार को कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हीरो की तरह अपने घर लौटे है। इजरायल–हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते के तहत इजराइली जेलों से उनकी रिहाई की गई है। इसमें कुछ छोटे अपराधों के आरोपियों और हमलों में दोषी ठहराए गए अन्य कैदी शामिल है। रिहा किए गए इन फलिस्तीनियों का जुलूस में मौजूद भारी भीड़ ने नारे लगाकर, ताली बजाकर , चिल्लाते और हाथ हिलाते हुए स्वागत किया। इजरायल की जेल से रिहा हुए 15 युवा आंसू भरी आंखों से अपने परिवार वालों के कंधों पर सिर रखकर रो रहे थे। रात के समय आससान मिसाइलों की जगह आतिशबाजी से चमक रहा था।

# गाजा में गिराए गए एक–एक बम का जोरदार जवाब मिलेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खुमैनी ने इजरायल को दी धमकी**

तेहरान। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खुमैनी ने इजरायल को गाजा में हमलों का बदला लेने की धमकी दी है। खुमैनी ने कहा है कि इजरायल को अगर लगता है कि वह गाजा में मौत बरसाकर बच जाएगा तो ऐसा नहीं होना वाला है। इजरायल को गाजा में गिराए जा रहे हर एक बम का हिसाब देना होगा। वह बमबारी करके अपनी ही जिंदगी को कम कर रहा है। अयातुल्ला खुमैनी का इजरायल के लिए धमकी ऐसे समय आई है, जब दोनों पक्षों ने गाजा में युद्ध विराम के लिए समझौता किया हुआ है।

अयातुल्ला खुमैनी ने हिब्रू में सोशल साइट एक्स पर एक पोस्ट लिखी है। इस पोस्ट में खुमैनी ने लिखा है कि इजरायल गाजा में कितनी भी बमबारी कर ले लेकिन उस करारी हार की भरपाई नहीं कर सकता है जो उसे 7 अक्टूबर को झेलनी पड़ी है। गाजा पर बमबारी करके वह अपनी ही जिंदगी को कम कर रहा है। गाजा का युद्ध उसके लिए अनुत्तरित नहीं रहेगा, वह ये ना माने कि इसका जवाब उसको कभी नहीं मिलने वाला है।

इजरायल की ओर से गाजा में हमले शुरू किए जाने के बाद से ही ईरान आक्रामक रुख दिखा रहा है। अयातुल्ला खुमैनी और दूसरे ईरानी नेताओं ने अधिकारियों ने ये धमकी दी है कि अगर गाजा में बमबारी चलती रही तो फिर ये संघर्ष पूरे इलाके में फैल जाएगा। ईरान की ओर से इजरायल को एक से ज्यादा मोर्चों पर घेरने की भी बात कही जाती रही है। ईरान की ओर से हमास को भी समर्थन मिल रहा है और ईरान समर्थित हिज्बुल्ला ने भी इजरायल पर रॉकेट और एंटी–टैंक मिसाइलों से हमले किए हैं। यमन में भी ईरान समर्थित हूती विद्गोहियों ने लगातार इजरायल को निशाना बनाया है। दोनों संगठन लगातार ने कहा है कि युद्ध जारी रहने पर वह भी पूरी तरह से इस लड़ाई में शामिल हो जाएंगे। बता दें कि गाजा पट्टी में फिलहाल युद्ध विराम चल रहा है। फिलहाल ये युद्धविराम चार दिन के लिए किया गया है।

### पश्चिम ईरान में हिमस्खलन से 5 पर्वतारोहियों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान (ईरान)। पश्चिमी ईरान में हिमस्खलन में पांच पर्वतारोहियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए है। इस घटना की जानकारी राज्य मीडिया ने शनिवार को दी। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बचाव दल ने राजधानी तेहरान से लगभग 300 किलोमीटर (लगभग 186 मील) दक्षिण–पश्चिम में सैन बोरान चोटी से पांच पर्वतारोहियों के शव बरामद किए हैं। अन्य चार घायलों को अस्पताल ले जाया गया हैं। जहां उनका इलाज जारी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संभावित खतरे के बारे में स्थानीय अधिकारियों की चेतावनी के बावजूद पर्वतारोहियों की 9 सदस्यीय टीम ने गुरुवार को अपनी यात्रा शुरू की। 4150 मीटर (लगभग 13,600 फीट) ओश्ट्रानकूह पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊंची चोटी पर हाल के हफ्तों में भारी बारिश और बर्फबारी देखी गई। ईरान ने कभी–कभी घातक हिमस्खलन देखा है।

## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# उत्तराखंड में बढ़ते महिला अपराधों के खिलाफ कांग्रेस

**प्रदर्शन**

## बागेश्वर में नाबालिग से हुए दुष्कर्म में सरकार पर साधा निशाना

**संवाददाता**

ऋषिकेश। राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म की घटनाओं के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी ऋषिकेश ने भाजपा सरकार का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया।

शनिवार को रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन में महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह, एआइसीसी सदस्य जयेंद्र रमोला व मदन शर्मा ने कहा कि जनपद बागेश्वर में हिन्दू जागरण मंच युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व नगर अध्यक्ष बजरंग दल पर 15 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है।

बालिका के पिता ने बागेश्वर कोतवाली में अपनी पुत्री के साथ हुए दुष्कर्म की रिर्पोट दर्ज की गई है। कहा कि भाजपा सरकार में राज्य के अन्दर लगातार महिलाओं



के साथ दुष्कर्म और अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। राज्य में लगातार कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। जहां एक ओर यहां बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है, लेकिन फिर भी भाजपा सरकार की महिला कानून व्यवस्था में फेल साबित हुई हैं।

पूर्व पालिका अध्यक्ष दीप शर्मा व ब्लाक अध्यक्ष विजयपाल रावत ने कहा कि इस भजापा सरकार में लगातर महिलाओं के साथ दुष्कर्म हों रहें है ये सरकार महिलाओं के प्रति विफल साबित हुई है। चाहे वनंतरा प्रकरण हो या अब बागेश्वर में नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म, कहीं न कहीं इन सब के पीछे भाजपा सरकार के लोगों का हाथ हैं।

पूर्व प्रदेश सचिव विमला रावत और मधु जोशी ने कहा कि इस भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ आए दिन उत्पीड़न हो रहा है। उनकी आवाज सुनने वाला कोई नहीं साथ ही भाजपा सरकार ऐसे घिनौने कार्य करने वालों को संरक्षण दे रही है।

इस मौके पर विजयपाल रावत, नीलम तिवारी, ललित मोहन मिश्र, शैलेन्द्र बिष्ट, ऋषि सिंघल, पार्षद देवेंद्र प्रजापति, राजेंद्र कोठारी, सुभाष जखमोला, त्रिलोकी नाथ तिवारी, कमल बनर्जी, हरिसिंह, बीएस पायल, विजय लक्ष्मी शर्मा, रुकम पोखरियाल, राजेश शर्मा, सूरज विश्नोई, मुकेश जाटव, विक्रम भंडारी, मधु जोशी, उमा ओबेरॉय, मधु मिश्रा, अशोक शर्मा, सावित्री देवी आदि मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### 8 जनवरी से शुरू होगा उतरायणी मेला

**संवाददाता** हल्द्वानी। उतरायणी मेले का आयोजन 8 से 15 जनवरी तक पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में होगा। शनिवार को उत्थान मंच में कार्यकारिणी की बैठक में ये निर्णय लिया गया। साथ ही मेले की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में मंच संरक्षक हुकम सिंह कुंवर ने कहा कि इस बार मेले का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। 14 जनवरी को नगर में निकलने वाली सांस्कृतिक रैली को आकर्षक बनाया जाएगा। बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से एक शिष्टमंडल मुलाकात कर उन्हें मेले के लिए आमंत्रित करेगा। महासचिव यूसी जोशी ने बताया कि मेले में लगने वाली दुकानों का आवंटन महिला समूहों व कश्मीरी समूहों के लिए 1 दिसंबर और आम लोगों के लिए 2 दिसंबर से होगा। इसके लिए संस्कृति संयोजक मंजू दानू, मेला संयोजक पूरन चंद्र भंडारी, हेम भट्ट, मेला उप संयोजक गोबिंद सिंह बगड़वाल, चंद्रशेखर से संपर्क कर सकते हैं।

### कैंसर का ऑपरेशन कराने के बाद किसी चमत्कार से कम नहीं प्लास्टिक सर्जरी

**संवाददाता** देहरादून। देश के आखिरी छोर तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की पहल के तहत इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्टिल्स के विशेषज्ञों ने देहरादून में अत्याधुनिक चिकित्सा की जानकारियां साझा कीं। इस दौरान विशेषज्ञों ने कॉस्मेटिक और प्लास्टिक सर्जरी की उन क्षमताओं के बारे में बताया जिनके जरिए ऑपरेशन करा चुके कैंसर रोगियों को पहले की तरह काफी हद तक वापस लाया जा सकता है जो एक मरीज के लिए यह किसी चमत्कार से कम भी नहीं है। देहरादून में इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स की ओर से आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम का नेतृत्व नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के कॉस्मेटिक और प्लास्टिक सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. कुलदीप सिंह ने किया।

### आदित्य रॉय कपूर ने राम नगर रोड पर कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम का किया उद्घाटन

**संवाददाता** काशीपुर। काशीपुर के राम नगर रोड पर कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर की एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा शहर थम सा गया। इस लॉन्च के साथ, कल्याण ज्वेलर्स ने उत्तराखंड राज्य में 5 स्थानों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर ली है। बॉलीवुड स्टार आदित्य रॉय कपूर द्वारा उद्घाटन किए गए इस नए शोरूम ग्राहकों को आभूषण के डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ–साथ खरीदारी का शानदार अनुभव मिलेगा। कंपनी इस क्षेत्र में अपने ब्रांड पदचिह्न और संचालन का लगातार विस्तार कर रही है, ताकि इसके विकास में मदद मिल सके और ब्रांड को उत्तराखंड में संरक्षकों के लिए अधिक सुलभ बनाया जा सके।

# सरयू नदी मे लोडर मशीन से खनन पर प्रशासन सख्त

**संवाददाता** बागेश्वर। सरयू नदी में घिरौली झूला पुल के पास लोडर मशीन से खनन हो रहा था। जिसकी भनक तहसील प्रशासन को लगी। शुक्रवार को टीम वहां पहुंची। नदी के ऊपर बने रास्ते को हटाया गया है। जांच प्रारंभ हो गई है।

सरयू नदी में अवैध खनन को लेकर तहसील प्रशासन सख्त हो गया है। लोडर मशीनों से नदी पर खनन की शिकायत प्रशासन को मिली। जिस पर तत्काल एक्शन हुआ। उपजिलाधिकारी मोनिका के नेतृत्व में टीम झूला पुल घिरौली पहुंची। वहां नदी के बीच बने रास्ते को हटाया गया। जबकि लोडर मशीन टीम के पहुंचने से पहले ही वहां से हटा दी गई थी।

खान अधिकारी वीके सिंह ने बताया कि नदियों में लोडर मशीनों से खनन प्रतिबंधित है। खनन पट्टे की जांच की जाएगी। मैनुअल खनन नहीं किया गया तो पट्टा निरस्त कर दिया जाएगा। इधर, उपजिलाधिकारी मोनिका ने कहा कि जांच प्रारंभ कर दी गई है।

**सख्त कार्रवाई का अल्टीमेटमः** फिलहाल नदी बना रास्ता हटा दिया है। निरीक्षण के दौरान लोडर मशीनें नहीं मिली। यदि लोडर मशीनों से खनन किया गया तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। राजस्व पुलिस को दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं।



### सांस्कृतिक एवं औद्योगिक पर्यटन विकास मेले में हुई शानदार प्रस्तुतियां

**संवाददाता** चमोली। पूर्व विधायक स्वर्गीय शेर सिंह दानू की स्मृति में आयोजित सांस्कृतिक एवं औद्योगिक पर्यटन विकास मेले के तीसरे दिन के मुख्य अतिथि डी एस बर्त्वाल तथा विशिष्ट अतिथि भुवन नौटियाल का मेला समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह राणा ने बैच अलंकरण कर और अंग वस्त्र ओढ़ा कर स्वागत किया। मेले में स्कूली बच्चों और महिला मंगल दल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। मेले के तीसरे दिन बॉलीवाल, कैरम, सतरंज, रस्साकसी जलेबी दौड़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमे बालिकाओं की 5 किमी दौड़ में अंजली ने प्रथम स्थान कलावती ने द्वितीय तथा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेले के दौरान आयोजित शिविर में आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग द्वारा 60 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया पशुपालन द्वारा 18 पशुपालकों को पशु बीमारी की रोकथाम हेतु निःशुल्क दवा वितरित की गयी।

# योजनाओं से छूटे लाभार्थियों को शत प्रतिशत लाभांवित करने के निर्देश

**संवाददाता** चमोली। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को राज्य प्रभारी अपर सचिव पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार राकेश कुमार वर्मा ने जिलाधिकारियों के साथ विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए सरकार की योजनाओं से छूटे लाभार्थियों को शत प्रतिशत लाभांवित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के राज्य प्रभारी राकेश कुमार वर्मा ने सभी जिलाधिकारियों को यात्रा का निर्धारित शेड्यूल के अनुसार संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर

**अन्य आयोजनों में भी यात्रा कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश**

आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय जन प्रतिनिधियों के समन्वय बनाकर अधिक से अधिक लोगों को सरकार की जन उपयोगी योजनाओं की जानकारी देने की बात कही। साथ ही शेड्यूल के अनुसार मेलों व अन्य आयोजनों में भी यात्रा कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ ग्राम पंचायतों में एलईडी के माध्यम से जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिये योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम का संचालन करने की बात कही। वहीं कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य और आधार शिविरों का आयोजन करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कार्यक्रम के बेहतर संचालन के लिए सुझाव भी लिए।

अपर जिलाधिकारी डा.अभिषेक त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन से मिले निर्देशों के क्रम में जिले में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 610 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के संचालन का शेड्यूल निर्धारित किया गया है। साथ ही कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिये कंट्रोल रुम बनाने के साथ ही नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है।

बैठक में एसीएमओ डा. एमएस खाती, पशु चिकित्साधिकारी डा.प्रलयंकरनाथ, शिक्षा अधिकारी (बेसिक) धर्म सिंह, जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी सहित रेखीय विभागों के समस्त अधिकारी मौजूद थे।

### ईजा–बैंणी महोत्सव से महिला सशक्तिकरण का संदेश देगा प्रशासन

**संवाददाता** हल्द्वानी। जिला प्रशासन की ओर से 30 नवंबर को हल्द्वानी में ईजा–बैणी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सीएम पुष्कर सिंह धामी बतौर मुख्य अतिथि व प्रभारी मंत्री रेखा आर्या की मौजूदगी रहेगी। महोत्सव की खास बात ये होगी कि इसमें पूरे प्रदेशभर की महिला उद्यमी, महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से पारंपरिक उत्पादों पर आधारित प्रदर्शनी और स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही बेहतरीन कार्य करने वाली महिला उद्यमियों और देशभर की चुनिंदा कंपनियों के बीच करार भी होगा। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से आधारित महोत्सव में नगर निगम हल्द्वानी की बैणी सेना और महिला पर्यावरण मित्रों का विशेष सम्मान होगा। ईजा बैणी महोत्सव को लेकर शनिवार को डीएम वंदना ने कैंप कार्यालय में पत्रकार वार्ता की। बताया कि 30 नवंबर को प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्रियों की मौजूदगी में कार्यक्रम होने हैं।

*जिंदगी का झूला अगर पीछे जाये, तो डरिये नहीं वो आगे भी आएगा ! –अज्ञात ।*

विचार-प्रवाह देहरादून, रविवार, 26 नवंबर 2023

पेज थ्री
www.page3news.in

# छोटी सी राहत

**इससे मौत के खतरों से घिरे फलस्तीनी नागरिकों को जान–माल की रक्षा के लिए सुरक्षित इलाकों में जाने का मौका मिलेगा। इन मानवीय गलियारों का इस्तेमाल करते हुए गाजा के लोगों के लिए जरूरी मानवीय राहत सामग्री पहुंचाई जा सकेगी।**

अनुज सनवाल।।

इस्राइल और हमास के बीच जंग का मैदान बने गाजा के लोगों के लिए यह खबर एक छोटी सी राहत के रूप में देखी जा सकती है कि युद्ध में रोज चार घंटे का मानवीय विराम देने पर सहमति बन गई है। हालांकि जिस युद्ध में चंद दिनों के अंदर 10,800 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और सिविलियन ठिकानों पर भी लगातार बम बरस रहे हैं, वहां इस चार घंटे के विराम को पहली नजर में नाकाफी ही कहा जाएगा। जरूरत तो इस युद्ध को तत्काल बंद करने की है, लेकिन इस्राइल ऐसे किसी प्रस्ताव को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। फिर भी, मौजूदा हालात में रोज गाजा के किसी इलाके में चार घंटे का युद्ध विराम घोषित करने और उत्तरी गाजा में दो मानवीय गलियारा खोलने पर हुई इस सहमति को सभी पक्ष पॉजिटिव ढंग से देख रहे हैं। कई वजहों से इसे अहमियत दी जा रही है। अव्वल तो यह कि दुश्मन पक्ष को बर्बाद कर देने के जुनून के बीच यह थोड़ा सोच–विचार करने की मानसिकता के लिए गुंजाइश बनाती है। दूसरी बात यह कि इससे मौत के खतरों से घिरे फलस्तीनी नागरिकों को जान–माल की रक्षा के लिए सुरक्षित इलाकों में जाने का मौका मिलेगा। तीसरी बात यह कि इन मानवीय गलियारों का इस्तेमाल करते हुए गाजा के लोगों के लिए जरूरी मानवीय राहत सामग्री पहुंचाई जा सकेगी। चौथी और सबसे अहम बात यह है कि इसका



इस्तेमाल बंधकों की रिहाई के मकसद को आगे बढ़ाने में भी हो सकता है। हालांकि इस चौथी और आखिरी संभावना के साथ कई सारे किंतु–परंतु जुड़े हुए हैं। बंधकों की रिहाई के प्रयासों से जुड़े लोगों का कहना है कि अगर युद्ध विराम और मानवीय गलियारे का सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए तो बंधकों को गाजा से बाहर निकालना संभव हो सकता है। एक बार यह हो गया तो अनजाने ही हवाई हमलों में इनके मारे जाने की आशंका कम हो जाएगी, वे ज्यादा सुरक्षित रहेंगे और फिर उन्हें छोड़े जाने पर सहमति बनाना भी अपेक्षाकृत आसान होगा। ध्यान रहे, इन बंधकों में 40 से ज्यादा देशों के नागरिक हैं। हमास का खात्मा करने के नाम पर चलाए जा रहे इस्राइली अभियान को नियंत्रित किए जाने की जरूरत पर अभी अगर बहुत सारे देश कुछ नहीं कह रहे तो उसकी एक वजह यह भी है कि वे पहले बंधक बनाए गए अपने नागरिकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित कराना चाहते हैं। इस लिहाज से यह माना जा सकता है कि युद्ध से राहत का जो सांकेतिक कदम उठाया गया है, वह आगे चलकर इस युद्ध को फैलने से रोकने और फिर धीरे–धीरे बंद करने में भी मददगार हो सकता है। लेकिन ऐसा तभी होगा, जब सभी संबंधित पक्ष संवेदनशीलता और समझदारी दिखाते हुए इस मौके का सही इस्तेमाल करेंगे या कम से कम, ऐसा होने देंगे।

## तुलसी विवाह का महत्व

**अशोक वोहरा।**

धर्म-दर्शन

तुलसी जी से सुख समृद्धि और संपन्नता की प्रार्थना करें। हिन्दू धर्म में तुलसी का खास महत्व होता है। इसका धार्मिक महत्व तो है ही साथ में इसका वैज्ञानिक महत्व भी है. वैज्ञानिक दृष्टिकोण से तुलसी में स्वास्थ्यवर्धक गुण पाए जाते हैं। धार्मिक रूप से इसका खास महत्व है। तुलसी माता को मां लक्ष्मी का ही स्वरूप माना जाता है, जिनका विवाह शालीग्राम भगवान से हुआ था। शालीग्राम दरअसल, भगवान विष्णु के आठवें अवतार श्रीकृष्ण का ही रूप माने जाते हैं। देवउठनी एकादशी के दिन ही तुलसी विवाह होता है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, भगवान शालिग्राम का विवाह तुलसी से हुआ था। श्रीकृष्ण भगवान विष्णु जी के आठवें अवतार है। तुलसी का विवाह शालिग्राम रूपी भगवान श्रीकृष्ण से किया जाता है. लोग अपने घरों में प्रबोधनी एकादशी का व्रत करते है। तुलसी विवाह के बाद प्रसाद बांटा जाता है।

# संपादकीय

## वर्करों में निवेश

विकसित देश 70 घंटे काम करके अमीर नहीं बने हैं। वे औसतन 35–40 घंटे काम करके लेकिन उससे ज्यादा अपने वर्करों में निवेश कर, उन्हें बेहतर तकनीक और प्रशिक्षण मुहैया करा कर और उनकी जिंदगी को बेहतर बनाकर आगे बढ़े हैं। अब भी वे वर्क–लाइफ संतुलन की तलाश में हैं। हाल के वर्षों में यूरोप के कई देशों में काम के घंटे घटाने के प्रयोग चल रहे हैं जो दिखाते हैं कि उससे उत्पादकता में कोई कमी नहीं आई है। भूलना नहीं चाहिए कि अमेरिका और यूरोप सहित ज्यादातर विकसित देशों में भारत और चीन जैसे देशों की तुलना में अधिकतर वर्करों और प्रोफेशनलों के काम के घंटे कम हैं। इसके बावजूद उनकी उत्पादकता ज्यादा है। साफ है कि काम के अधिक घंटों का मतलब अधिक उत्पादकता नहीं है। यह अनेकों शोधों से भी साबित हो चुका है। उत्पादकता का संबंध उचित वेतन और प्रोत्साहन, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उच्च कौशल और तकनीक, वर्क–लाइफ संतुलन, आगे बढ़ने के उपयुक्त अवसर, काम को सम्मान आदि से है। नारायण मूर्ति को इन प्रयोगों पर गौर करना चाहिए। आखिर सीखने की कोई उम्र नहीं होती और हमेशा अच्छे उदाहरणों से सीखना चाहिए।

काम के बढ़ते घंटे, नौकरी की असुरक्षा और दबावों ने 'वर्क–लाइफ बैलेंस' को इस कदर बिगाड़ दिया है कि इसका सीधा असर लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

# बदल गई दिशा

आनंद प्रधान।।

युवाओं से सप्ताह में 70 घंटे तक काम करने की नारायण मूर्ति की अपील सुनकर अर्थशास्त्री जान मेनार्ड कींस जरूर कब्र में करवटें बदल रहे होंगे। कींस ने 1930 के दशक में अमेरिका और यूरोप में काम के घंटे घटने के बावजूद कामगारों की उत्पादकता में बढ़ोतरी के ट्रेंड को देखते हुए भविष्यवाणी की थी कि वर्ष 2030 आते–आते सप्ताह में सिर्फ 15 घंटे काम करना होगा। कींस के मुताबिक, उस समय लोगों के सामने बड़ी चुनौती यह होगी कि वे अपने खाली समय का इस्तेमाल कैसे करें। यह कपोल कल्पना नहीं थी। डच अर्थशास्त्री और इतिहासकार रटगर ब्रेग्मैन के मुताबिक, समाजशास्त्रियों ने 70 के दशक में निकट भविष्य में 'काम के अंत' की घोषणा करनी शुरू कर दी थी। ऐसा लग रहा था कि मानवता काम और जीवन के और सुखों के बीच संतुलन बनाने की ओर बढ़ रही है। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। 70 के दशक के उत्तरार्द्ध में अमेरिका और ब्रिटेन में रीगन–थैचर की अगुआई में शुरू हुए नव उदारवादी आर्थिक सुधारों ने इतिहास के पहिए को रोक दिया। सोवियत संघ के पतन ने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ने के लिए रास्ता और साफ कर दिया।

ट्रेड यूनियनें कमजोर पड़ गईं। हड़तालों को कुचल दिया गया। श्रम सुधारों के नाम पर



स्थायी नौकरी और उससे संबंधित लाभों के बजाय 'हायर एंड फायर' की नीति के तहत काम को ठेकाकरण और कैजुअलाइजेशन को आगे बढ़ाया गया। अच्छे जीवन के लिए करियर में सफलता और उसके लिए अनुशासन, कड़ी मेहनत और काम के अधिक से अधिक घंटों का महिमामंडन शुरू हो गया। इसके नतीजे भी सामने हैं। काम के बढ़ते घंटे, नौकरी की असुरक्षा और दबावों ने 'वर्क–लाइफ बैलेंस' को इस कदर बिगाड़ दिया है कि इसका सीधा असर लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

कई शोध रिपोर्टें बताती हैं कि काम के बोझ और दबावों के कारण कामगारों और प्रोफेशनलों में एन्जाइटी, डिप्रेशन और बर्नआउट के मामले बढ़ रहे हैं। इसका नेगेटिव असर पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक संबंधों पर भी पड़ रहा है। इसका असर कामगारों की उत्पादकता पर भी पड़ रहा है क्योंकि 'वर्क–लाइफ बैलेंस' बिगड़ने के कारण उन्हें काम में मजा नहीं आ रहा है जिससे लापरवाही बढ़ रही है और फैसलों में गलतियां हो रही हैं। आश्चर्य नहीं कि अमेरिका में कोविड–19 महामारी के बाद 2021 में कंपनियों से हजारों प्रोफेशनलों और वर्करों ने इस्तीफा देना शुरू कर दिया। इसे 'ग्रेट रेजिगनेशन' मूवमेंट कहा गया। प्यू रिसर्च की रिपोर्ट में सामने आई इसकी वजहें भी गौर करने लायक हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 63 फीसदी ने कम वेतन को नौकरी छोड़ने का कारण बताया। कोई 57 फीसदी ने काम की जगह पर सम्मान न होने की वजह से इस्तीफा दिया। 39 फीसदी ने काम के घंटे अधिक होने के कारण नौकरी छोड़ी।

ध्यान रहे, आज भी हालात कमोबेश वैसे ही हैं। बीते कुछ महीनों से अमेरिका में ऑटोमोबाइल और अन्य क्षेत्रों में काम करने वाले हजारों वर्कर वेतन बढ़ाने और काम के घंटे कम करने की मांग को लेकर धरना–प्रदर्शन कर रहे हैं। वे काम के घंटों को मौजूदा प्रति सप्ताह औसतन 40 घंटे के बजाय घटाकर 32 घंटे करने और चार दिन के सप्ताह की मांग कर रहे हैं।

### सूडोकू नवताल-5410

(कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -5409 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## अपना ब्लॉग

### निर्धारित न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिलती

**मोहन।** भारत में ज्यादातर उद्यमी और कंपनियां इन पहलुओं पर विचार करने के लिए तैयार नहीं हैं। इसके उलट वे यह नरेटिव बनाने में लगे रहते हैं कि देश में ज्यादातर वर्कर्स और प्रोफेशनल काम नहीं करना चाहते। तथ्य यह है कि देश में 90 फीसदी से ज्यादा श्रमिक असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं जहां न सिर्फ उनके काम के घंटे कानूनी रूप से निर्धारित प्रति सप्ताह अधिकतम 48 घंटे से कहीं ज्यादा दृ 60 से 70 घंटे तक दृ हैं बल्कि उन्हें राज्य की ओर से निर्धारित न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिलती। काम की परिस्थितियां भी दिन पर दिन बद से बदतर होती जा रही हैं। कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं है। दूसरी ओर, आईटी से लेकर नई अर्थव्यवस्था के चमकते–दमकते सर्विस सेक्टर की कंपनियों में ज्यादातर प्रोफेशनल वास्तव में, 'साइबर कुली' या गिग वर्कर बंधुआ मजदूर की हालत में हैं। बर्नआउट के मामले बढ़ रहे हैं। लेकिन इसे सुधारने पर ध्यान देने के बजाय नारायण मूर्ति युवाओं से 70 घंटे काम करने की मांग करके उत्पादकता बढ़ाना और देश को विकसित देशों की तरह अमीर देश बनाना चाहते हैं। यह गाड़ी को घोड़े के आगे बांधने या उलटी गंगा बहाने की तरह है।



# बहूरानी कटरीना कैफ ने मजे से मनाया ससुर शाम कौशल का बर्थडे




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*कटरीना कैफ बॉलीवुड की सबसे सफल एक्ट्रेसेस में से एक हैं। इसके अलावा, वह परिवार को साथ लेकर चलने वाली औरत भी हैं। कटरीना अपने परिवार के लोगों पर प्यार बरसाने में कभी पीछे नहीं होती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने ससुर और विक्की कौशल के पिता शाम कौशल को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने पूरे कौशल परिवार की एक तस्वीर भी शेयर की। फोटो में ये चारों बेहद खुश नजर आ रहे हैं।*

**पति, सास और देवर के साथ भी शेयर की फोटो**

24 नवंबर को कटरीना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने ससुर और एक्शन डायरेक्टर शाम कौशल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की जिसमें वह, विक्की कौशल, उनकी मां, शाम कौशल और सनी कौशल एक लाइन में खड़े हैं। इसमें शाम को केक काटते हुए देखा जा सकता है। कटरीना ने इसे कैप्शन दिया, हैप्पी बर्थडे पापा।

**कटरीना कैफ का वर्कफ्रंट**

कटरीना को हाल ही में एक्शन थ्रिलर टाइगर 3 में सलमान खान और इमरान हाशमी के साथ देखा गया था। फिल्म में, उन्होंने जोया की भूमिका निभाई है। रिलीज होने के बाद यह एक बड़ी हिट साबित हुई है। इसके बाद वह श्रीराम राघवन की थ्रिलर फिल्म मेरी क्रिसमस में विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म पहले दिसंबर में रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसकी रिलीज अगले साल जनवरी तक बढ़ा दी गई है।



**कटरीना के आने से क्या हुआ**

विक्की ने कटरीना की तारीफ की और उन्हें एक प्यारी इंसान बताया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि इसे कैसे कहूं लेकिन उसके साथ जिंदगी जीना और नई चीजों की खोज करना मजेदार है। इसके बाद एक्टर ने कहा कि उन्होंने कभी भी ज्यादा ट्रैवेल नहीं किया है, लेकिन कटरीना के आने के बाद से सबकुछ बदल गया है। विक्की अब बहुत अधिक ट्रैवेल कर रहे हैं। विक्की ने कहा, आपको एक–दूसरे के बारे में बहुत सी नई चीजें शेयर करने को मिलती हैं, इसलिए यह बेहद खूबसूरत है।



## रणबीर कपूर ने कॉलर बोन पर गुदवाया बेटी राहा के नाम का टैटू

रणबीर कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म एनिमल में अपनी पर्सनैलिटी का एक नया साइड दिखाया है, जो एक पिता और बेटे की कहानी दिखाती है। एक्टर ने नवंबर 2022 में आलिया भट्ट के साथ अपने पहले बच्चे बेटी राहा का स्वागत किया था। फिल्म के प्रचार के दौरान, वह रश्मिका मंदाना के साथ अनस्टॉपेबल शो में दिखाई दिए, इस दौरान उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने अपनी बेटी का नाम अपने कॉलर बोन पर गुदवाया है। इससे पहले रणबीर कपूर ने फिल्म ये जवानी है दीवानी में लीड रोल के लिए अपनी कलाई पर आवारा टैटू बनवाया था। साल 2022 में मैशेबल के साथ एक इंटरव्यू में एक्टर ने खुलासा किया था कि वह एक टैटू बनवाना चाहते थे। उन्होंने कहा, अभी तक कोई नहीं है। उम्मीद है कि जल्द ही बनवाऊंगा। 8 या कुछ और जो मैं नहीं जानता हूं। हो सकता है कि मेरा टैटू बच्चों के नाम का हो या मुझे नहीं पता। सेलिब्रिटी कपल रणबीर और आलिया ने अभी भी अपनी बेटी के चेहरे का खुलासा नहीं किया है, और आलिया ने श्कॉफी विद करणश में आने के दौरान पपाराजी की सराहना भी की, जिसमें उन्होंने कहा कि जब वह और रणबीर अपनी बेटी के साथ एयरपोर्ट पर होते हैं और रिक्वेस्ट करते हैं तो वे अपने कैमरे को नीचे रख देते हैं। आलिया ने कहा कि ऐसा नहीं है कि वह अपनी बेटी का चेहरा छिपा रही हैं। वह मुश्किल से एक साल की है। हमें नहीं लगता कि उसे पपाराजी के लिए अभी इसकी जरूरत है। वह अभी भी बहुत छोटी है।

## रश्मिका मंदाना के डीपफेक वायरल वीडियो में पुलिस को मिले नए सबूत

डीपफेक वीडियो के मामले देश में तेजी से बढ़ रहे हैं। इस बीच पुलिस और प्रशासन भी एक्टिव हो गई है और ऐसे मामलों में कड़ाई से जांच हो रही है। साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो आने के बाद से इसे लेकर काफी बातें भी हो रही हैं। अब इस मामले में नया अपडेट सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को कहा कि उन्हें रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो से संबंधित मामले की जांच में जरूरी सबूत मिले हैं और तकनीकी विश्लेषण के जरिए उनकी पुष्टि की जा रही है। एक अधिकारी ने कहा, श्तकनीकी अधिकारी उन सभी आईपी पतों की पहचान कर रहे हैं जहां से वीडियो अपलोड किया गया था और उस पते का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जहां से वीडियो पहली बार इंटरनेट पर अपलोड किया गया था। पुलिस उपायुक्त (आईएफएसओ, स्पेशल सेल) हेमंत तिवारी ने कहा कि उन्हें जरूरी सुराग मिले हैं।

## पति की गोद में बैठीं दीपिका चिखलिया तो लोगों ने फिर की आस्था की बात



दीपिका चिखलिया इंडस्ट्री की सबसे फेमस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। रामानंद सागर के टेलीविजन शो रामायण में माता सीता का किरदार निभाने के बाद वह घर–घर में मशहूर हो गईं। यह शो अपने आप में अनोखा था और दर्शकों के दिलों पर इसका वैसा ही प्रभाव पड़ा। उनकी निजी जिंदगी के बारे में बात करें तो दीपिका ने अपने सपनों के राजकुमार, फेमस टिप्स एंड टोज कॉस्मेटिक्स के मालिक हेमंत टोपीवाला से शादी की है। हालांकि, शो के सालों बाद भी, नेटिजन्स अभी भी अपनी श्मां सीताश यानी दीपिका को किसी दूसरे आदमी के साथ नहीं देख सकते हैं। और अब, इसी वजह से एक्ट्रेस को नफरत भरी बातों का सामना करना पड़ा। दीपिका चिखलिया ने अपने पति हेमंत टोपीवाला के साथ अपनी शादी की सालगिरह मनाई। इस दिन को यादगार बनाने के लिए एक्ट्रेस ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें हेमंत के साथ कुछ प्यारे पल थे। क्लिप में दीपिका को अपने पति की गोद में बैठे देखा जा सकता है, जबकि अगले में, दोनों को हंसते हुए देखा जा सकता है। इसके अलावा, लवबर्ड्स ने काले रंग के आउटफिट में ट्विन करते हुए कपल गोल्स दिए। एक फोटो में दीपिका और उनके पति हेमंत को कैमरे के सामने पोज देते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस सफेद और नीले रंग की शर्ट में खूबसूरत लग रही थीं, जिसे उन्होंने खुले बालों के साथ पेयर किया।

# जानी दुश्मन के डायरेक्टर राजकुमार कोहली का निधन

*फिल्म डायरेक्टर राजकुमार कोहली की मौत हो गई है। एक्टर का निधन का कारण अभी साफ नहीं है लेकिन हार्ट अटैक को ही वजह बताया जा रहा है। राजकुमार कोहली के बेटे अरमान कोहली हैं जो जानी दुश्मन जैसी कई फिल्मों में दिख चुके हैं।*



मशहूर फिल्म डायरेक्टर राजकुमार कोहली का निधन हो गया है। हार्ट अटैक के चलते उन्होंने 24 नवंबर 2023 को अंतिम सांसें ली। मालूम हो, राजकुमार कोहली के बेटे अरमान कोहली हैं। डायरेक्टर ने ही उन्होंने फिल्म विद्रोह से लॉन्च किया था। इसके बाद उनके बेटे को जानी दुश्मन से फेम मिला था।

**अरमान कोहली के पिता का बाथरूम में मिला शव**

राजकुमार कोहली के निधन को लेकर कहा जा रहा है कि वह शुक्रवार की सुबह नहाने के लिए बाथरूम गए थे। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी वह बाहर नहीं आए तो बेटे अरमान कोहली ने दरवाजा पीटा। लेकिन कोई आवाज नहीं आई। तब एक्टर ने बाथरूम का दरवाजा तोड़ा और देखा तो उनके पिता जमीन पर गिरे हुए हैं। बेसुध पिता को जब तक अस्पताल ले जाया गया, वह तब तक दम तोड़ चुके थे। कुछ रिपोर्ट्स का दावा है कि राजकुमार कोहली को हार्ट अटैक आया था।

**कब होगा अंतिम संस्कार**

राजकुमार कोहली का अंतिम संस्कार शुक्रवार की शाम को ही किया जाएगा। फिलहाल उनका परिवार व रिश्तेदार मुंबई स्थित घर पहुंचने लगे हैं। वहीं फिल्म इंडस्ट्री के भी कई सितारों ने दुख जताया है।

**राजकुमार कोहली की फिल्में**

साल 1973 में राजकुमार कोहली ने फिल्म श्कहानी हम सब कीश से शुरुआत की। इसके बाद वह नागिन, मुकाबला, जानी दुश्मन, बदले की आग, राज तिलक, साजिश, जीने नहीं दूंगा से लेकर जानी दुश्मन एक अनोखी कहानी का डायरेक्शन कर चुके थे।

# पेट की गंदगी की दुश्मन हैं ये सब्जी, बाहर होंगे आंतों के विषाक्त पदार्थ

*शरीर की बाहरी गंदगी को आसानी से साफ किया जा सकता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि शरीर को भीतर से कैसे साफ करना चाहिए? शरीर के भीतर हवा या खाने-पीने के जरिए बहुत से विषाक्त पदार्थ जमा हो जाते हैं। वैसे तो आपकी किडनियां बहुत से गंदे पदार्थों को छानकर बाहर निकाल देती हैं लेकिन बावजूद उसके बहुत से अपशिष्ट पदार्थ आंतों में जमा रहते हैं।*



**आंतों की सफाई करेगा ताजा अदरक**
कफ और वात दोष के लिए अदरक सबसे बढ़िया कच्चा मसाला है। इसका सेवन कब्ज से राहत दिलाता है, पुरानी सांस की बीमारी, अस्थमा, मोटापे, आंत की सफाई आदि में उपयोगी है।

**आंतों को कैसे साफ करें-सफेद कद्दू का सेवन करें**
सफेद कद्दू को पेठा कहा जाता है। यह कद्दू परिवार की सब्जी ठंड में खूब मिलती है। इसका पेठा बनता है और इसके सेवन से सेहत को अनगिनत फायदे होते हैं। आयुर्वेद में इसे इसके बेहतरीन गुणों की वजह से औषधि के रूप में जाना जाता है।

**डिटॉक्स के लिए इसे कैसे लें**
सफेद कद्दू के सेवन का सबसे बढ़िया तरीका यह है कि आप सुबह-सुबह खाली पेट इसका रस पिएं। यह आंत और मूत्राशय को साफ करता है, ऊर्जा बढ़ाता है, बुद्धि में सुधार करता है, वात-पित्त दोष को संतुलित करता है।

**सहजन की फली**
आयुर्वेद में सहजन को शिग्रु कहते हैं, यह कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, प्रोटीन, विटामिन सी, विटामिन बी और अन्य बेहतरीन स्वास्थ्य लाभों के लिए सबसे अच्छी सब्जी है। इसके सेवन से सेहत को कई कमाल के फायदे होते हैं।

**डिटॉक्स के लिए इसे कैसे लें**
डॉक्टर ने बताया कि शरीर की गंदगी को छानकर अलग करने के लिए आप सहजन का सूप, जूस या करी बना सकते हैं और इसके स्वास्थ्य लाभों का आनंद ले सकते हैं।

**डिटॉक्स के लिए इसे कैसे लें**
पेट और आंतों की गंदगी को साफ करने के लिए आपको प्रत्येक भोजन से पहले अदरक का एक छोटा टुकड़ा चबाना चाहिए। डॉक्टर ने बताया कि हल ही में कई फेस्टिवल खत्म हुए हैं और कई लोगों को शरीर को डिटॉक्स करने की आवश्यकता होगी। इस टिप्स का पालन करने से सिर्फ 10 दिनों में बदलाव नजर आ सकता है।



## 5 मिनट में बढ़ेगी भूख, जड़ से खत्म होंगे गैस-कब्ज जैसे रोग

अगर आप भी इन समस्याओं से पीड़ित रहते हैं, तो आपको दवाओं की जरूरत नहीं है। आयुर्वेद डॉक्टर चौताली राठौड़ आपको एक ऐसी आयुर्वेदिक गोली के बारे में बता रही हैं, जिसे आप घर में बना सकते हैं और पेट के रोगों के लिए हर तरह से फायदेमंद है। डॉक्टर ने बताया कि इस आयुर्वेदिक गोली के सेवन से सिर्फ पांच मिनट के भीतर भूख बढ़ सकती है। सबसे अच्छी बात इसका स्वाद जबरदस्त है। इतना ही नहीं, इसे घर में बनाना आसान है। इसके नियमित सेवन से जीवनशैली से जुड़े कई गंभीर रोगों से आराम मिल सकता है। जब भी आपको गैस्ट्रिक समस्या, गले में खराश, खांसी जुकाम जैसी समस्याएं हो या मासिक धर्म के दौरान दर्द हो, तो आप पानी के साथ इस जादुई गोली का सेवन कर सकते हैं। ध्यान रहे कि यह एक घरेलू उपचार है और अगर आपकी कंडीशन ज्यादा खराब है, तो आपको डॉक्टर के पास जाना चाहिए। 100 ग्राम सूखा अदरक पाउडर लेकर उसमें नींबू का रस मिलाएं (यदि आप इसे गठिया के दर्द के लिए ले रहे हैं, तो नींबू से बचें) इसके बाद इसमें ताजा अदरक का रस और स्वाद के अनुसार सेंधा नमक मिक्स करें। सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स कर लें और छोटी छोटी गोलियां बना लें। इसके बाद इस मिश्रण को 3-4 दिनों के लिए धूप सुखा लें।

## गुणों का भंडार है खट्टी-मीठी इमली, इन तरीकों से करें इसे अपनी डाइट में शामिल

इमली का नाम सुनते ही हमारे बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं। हम सभी ने बचपन में खट्टी-मीठी इमली का स्वाद जरूर चखा होगा। इमली कैंडीज हो या फिर इमली की चटनी इसका स्वाद आज भी हमें बचपन के दौर में ले जाता है। अपने स्वाद की वजह से यह भारतीय किचन में कई व्यंजनों को बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इतना ही नहीं यह सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। यह वजन घटाने के साथ ही पाचन बेहतर बनाने में भी काफी मददगार है। अगर आप भी इसके स्वाद और गुणों की वजह से इसे अपना डाइट का हिस्सा बनाना चाहते हैं, तो इन पांच तरीकों से इमली को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। अगर आप इमली को अपनी डाइट में शामिल करना चाहते हैं, तो इमली का शरबत बढ़िया विकल्प है।

# अंडा खाने के जबरदस्त तरीके, मक्खन की तरह पिघल जाएगी चबी



*शरीर को मजबूत बनने के लिए प्रोटीन चाहिए और इसे भरपूर लेने के लिए सबसे सस्ता तरीका अंडा खाना है। ब्रेकफास्ट में उबला अंडा खाने से हाई प्रोटीन, हेल्दी फैट्स, विटामिन ए, विटामिन बी2, विटामिन बी12, विटामिन बी5, फॉस्फोरस, सेलेनियम मिलता है। अगर आप वजन कम करने की भी सोच रहे हैं तो भी इस सुपरफूड को डाइट में शामिल करें। अंडा एक बेहतरीन वेट लॉस फूड है, जिसे खाने के बाद भूख कम लगती है। इसे खाने से आप सिर्फ चर्बी से छुटकारा पाते हैं, आपकी जरूरी मसल्स वैसे की वैसी ही रहती है। अगर आप तोंद को अंदर करना चाहते हैं तो सुबह नाश्ते में अंडे को 4 तरीके से खा सकते हैं।*

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**लो कैलोरी फूड है अंडा**
अंडे में कैलोरी बहुत कम और पोषण ज्यादा होता है। इस वजह से शरीर को पहले से मौजूद चर्बी को गलाने का वक्त मिल जाता है। शोध (तमि.) कहता है कि मॉर्निंग ब्रेकफास्ट में अंडा खाने से भूख कंट्रोल होती है और आप लंच में पहले के मुकाबले थोड़ा कम खाते हैं, जिससे वेट लॉस में मदद मिलती है।

**कोलेस्ट्रॉल नहीं बढ़ाता अंडा**



एक गलत धारणा है कि अंडे में फैट होता है तो यह कोलेस्ट्रॉल बढ़ाता है। मगर शोध बताते हैं कि डाइटरी कोलेस्ट्रॉल का खून वाले कोलेस्ट्रॉल पर कम प्रभाव पड़ता है। अधिकतर लोगों में हार्ट डिजीज के पीछे डाइटरी कोलेस्ट्रॉल को जिम्मेदार नहीं पाया गया। बल्कि एगीटेरियन लोगों का अच्छा कोलेस्ट्रॉल सही रहता है।

**दिमाग से कंप्यूटर और आंखों से बाज**
एग के न्यूट्रिशन में तीन महत्वपूर्ण चीजें पाई जाती हैं, जिन्हें कोलीन, ल्यूटिन और जेक्सैंथिन कहते हैं। कोलीन आपके नर्वस सिस्टम और दिमाग की ताकत बढ़ाने के लिए जरूरी होता है। वहीं, ल्यूटिन और जेक्सैंथिन आंखों की रोशनी बढ़ाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं।

**वजन कम होने के बावजूद बढ़ेगी मसल्स**
अधिकतर लोगों से वजन कम करते हुए मसल्स भी घटा लेने वाली गलती हो जाती है। यह वेट लॉस का गलत तरीका है और मसल्स कम होने से कमजोरी, थकान आ सकती है। प्रोटीन इन कमियों को होने से रोकता है और ताकतवर बना रखता है।

**ब्रेकफास्ट में अंडा खाने के 4 तरीके**
- उबला अंडा
- ऑमलेट
- अंडा भुर्जी
- स्प्राउट्स और अंडा

## बनाना चाहते हैं इम्यून सिस्टम को मजबूत, तो इन योगासनों को करें रूटीन में शामिल



इम्यून सिस्टम हमारे शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करता है। मजबूत इम्युनिटी हमारे शरीर में घुसपैठ करने वाले किटाणुओं से हमें बचाने में मदद करता है। खासकर अभी जब प्रदूषण बढ़ रहा है और मौसम में बदलाव की वजह से सर्दी-जुखाम और फ्लू की समस्या काफी बढ़ रही है, इम्युनिटी का मजबूत होना बहुत जरूरी है। इम्युनिटी बढ़ाने में आपकी डाइट और लाइफस्टाइल काफी अहम भूमिका निभाते हैं। यह आपको कई बीमारियों से बचाने में भी मदद करता है। आइए जानते हैं किन योग आसनों सें, आप अपनी इम्युनिटी को बूस्ट कर सकते हैं। इस आसन से आपकी स्पाइन की फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है और छाती, गर्दन और कंधों की मांसपेशियों को भी स्ट्रेच करता है। इस आसन को करने से आपका पाचन भी दुरुस्त होता है और ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है। इस आसन को करने के लिए जमीन पर पेट के बल लेट जाइए और अपने पैरों के बीच थोड़ी दूरी बनाकर रखें। इसके बाद अपने हाथों की मदद से धीरे-धीरे अपने शरीर का ऊपरी भाग ऊपर उठाएं और गर्दन को पीछे की तरफ करने की कोशिश करें। अपने घुटनों को मोड़े और अपने हाथों से पैरों की उंगलियों को पकड़ें, ताकि आप धनुष के आकार में आ जाएं। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि उतना ही स्ट्रेच करें, जितने में आपको कोई तकलीफ न हो। भेकासन आपके हाथों की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। साथ ही, यह आपकी स्पाइन को फलेक्सिबल बनाने और आपकी पीठ के ऊपरी भाग को मजबूत करने में मदद करता है। इस आसन को करने के लिए अपनी कोहनियों को जमीन पर रखें और अपने हाथों पर वजन देते हुए, आगे की तरफ झुकते हुए, अपने पैरों को जमीन से उठाएं।



## आईपीएल में नहीं खेलेंगे राशिद

वहीं अफगानिस्तान के स्टार क्रिकेटर राशिद खान की ब्रिटेन में कमर की छोटी सी सर्जरी हुई है और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के अनुसार उनके जल्द ही ठीक होने की उम्मीद है। राशिद ने भारत में हाल में संपन्न विश्व कप में इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसी टीमों के विरुद्ध अफगानिस्तान की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह करिश्माई स्पिनर सात दिसंबर से शुरू होने वाली बिग बैश लीग में नहीं खेल पाएगा। आईपीएल से जुड़े सूत्र ने कहा कि राशिद का भी आईपीएल तक फिट होना मुश्किल है।

## गुजरात टाइटंस से मुंबई इंडियंस में जा सकते हैं हार्दिक पांड्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या अपनी पुरानी टीम मुंबई इंडियंस में वापसी कर सकते हैं। गुजरात और मुंबई के बीच इसको लेकर चर्चा हुई है। हालांकि, अभी यह नहीं पता चला है कि इसमें खिलाड़ियों की ट्रेडिंग होगी या कोई और डील हुई है। अभी रोहित शर्मा मुंबई के कप्तान हैं और वह भारतीय वनडे टीम के भी कप्तान हैं। रोहित ने पिछले एक साल से अंतरराष्ट्रीय टी–20 क्रिकेट नहीं खेला है। उनके आराम लेने के समय हार्दिक सबसे छोटे प्रारूप में टीम भारत की कप्तानी करते हैं। बीसीसीआइ के एक पदाधिकारी ने कहा कि सभी टीमों को अपनी अंतिम लिस्ट रविवार तक देनी है। तब ही आधिकारिक तौर पर कुछ कहा जा सकता है। एक सूत्र ने कहा कि इतना तो तय है कि हार्दिक मुंबई जा रहे हैं। अब क्या डील हो रही है इसे अभी नहीं बताया जा सकता है। हो सकता है कि मुंबई भविष्य की तैयारी कर रही हो। रोहित अगले साल होने वाले आइपीएल तक मुंबई की कप्तानी करें और उसके बाद टी–20 विश्व कप खेलकर इस प्रारूप को अलविदा कह दें। उसके बाद से हार्दिक मुंबई की कप्तानी करें। समझा जाता है कि जोफ्रा आर्चर को मुंबई रिलीज कर सकता है।

## न्यूज डायरी




### इस दिन होगा महिला प्रीमियल लीग का ऑक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घोषणा करते हुए कहा कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2024 चरण के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 9 दिसंबर को मुंबई में होगी। डब्ल्यूपीएल का दूसरा चरण अगले साल फरवरी–मार्च में हो सकता है। मुंबई इंडियंस गत चौम्पियन है जिसने हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में इस साल के शुरू में दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराकर खिताब जीता था। पांच फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर, गुजरात जायंट्स और यूपी वारियर्स ने नीलामी से पहले 60 क्रिकेटरों को बरकरार रखा है, जिनमें 21 विदेशी खिलाड़ी हैं। मौजूदा टीम में से कुल 29 खिलाड़ियों को अनुबंधमुक्त किया गया है।

### बाबर आजम के खास अंदाज और सरफराज अहमद के डांस पर जमकर उड़े नोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम और सरफराज अहमद लाहौर में टीम के साथी इमाम–उल–हक की शादी से पहले कव्वाली कार्यक्रम में शामिल हुए। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सरफराज–बाबर और उस्मान कादिर एक सात कव्वाली कार्यक्रम का आनंद लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। गौरतलब हो कि इमाम–उल–हक का निकाह शनिवार, 25 नवंबर को है और शादी का रिसेप्शन एक दिन बाद यानी 26 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। निकाह से पहले कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कई खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसके एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम और सरफराज अहमद दिखाई दे रहे हैं। इनके साथ उस्मान कादिर भी झूमते हुए दिखाई दे रहे। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि जब सरफराज श्मेरा पिया घर आयाश की धुन पर थिरक रहे थे तो बाबर के चेहरे पर मुस्कान थी। बता दें कि बाबर ने हाल ही में सभी प्रारूपों से पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ दी है। शान मसूद को टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया, जबकि शाहीन अफरीदी टी20 में टीम का नेतृत्व करेंगे। बाबर का इस्तीफा पाकिस्तान के क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने में असफल रहने के बाद आया। उन्होंने नौ मैचों में 40 की औसत से 320 रन बनाए, जिसमें चार अर्धशतक शामिल हैं। बाबर, सरफराज और इमाम को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान की टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

### गंभीर ने टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के कप्तान के लिए अपनी पसंद बताई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर ने अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम के कप्तान के लिए अपनी पसंद बताई है। गौतम गंभीर ने कहा कि रोहित शर्मा को ही अगले साल टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का कप्तान बने रहना चाहिए। गौतम गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में ध्यान दिलाया कि भले ही हार्दिक पांड्या पिछले साल से भारतीय टी20 टीम की कमान संभाल रहे हो, लेकिन वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 वर्ल्ड्ड कप में रोहित शर्मा को कप्तानी करनी चाहिए। गंभीर ने साथ ही कहा कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों को भारतीय टीम में चुना जाना चाहिए। रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों को चुना जाना चाहिए। मैं चाहता हूं कि टी20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएं। हां, हार्दिक पांड्या ने टी20 इंटरनेशनल मैचो में कप्तानी की, लेकिन मैं अब भी चाहता हूं कि टी20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा की कप्तानी करें। वनडे वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा ने दिखाया कि वो बल्लेबाजी में क्या कर सकते हैं। अगर रोहित शर्मा का चयन होता है तो विराट कोहली को अपने आप ही चुना जाएगा। अगर रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप खेलने का फैसला लेते हैं तो उन्हें कप्तान के रूप में चुना जाना चाहिए न कि केवल बल्लेबाज के रूप में।

# 2 दिग्गज क्रिकेटर्स को जरूर खिलाना चाहिए अगला टी20 वर्ल्ड कप

**क्रिकेट**

## पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम का बीसीसीआई को सुझाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने कहा कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों को चुना जाना चाहिए। रोहित और विराट दोनों ने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल के बाद से कोई टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है।

खबरें हैं कि भारतीय टीम प्रबंधन हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में नई टीम टी20 वर्ल्ड कप 2024 खिताब जीतने के लिए तैयार कर रहा है। इस साल की शुरुआत में अमेरिका में क्रिककिंगडम एकेडमी के लांच के दौरान रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 खेलने के प्रति उत्साह जाहिर किया था। कई लोगों का मानना है कि रोहित शर्मा



ने संकेत दिए थे कि वो आगे टी20 प्रारूप में खेलेंगे या नहीं।

वसीम अकरम ने एक खेल वेबसाइट से बातचीत में कहा, श्टी20 वर्ल्ड्ड कप अगले कुछ महीनों में होना है। मैं रोहित और विराट दोनों को चुनूंगा। वो भारत के प्रमुख खिलाड़ी हैं। इसमें कोई शक नहीं। आपको टी20 में कुछ अनुभव की जरुरत होती है। आप पूरी तरह युवा पर निर्भर नहीं रह सकते हैं।

रोहित शर्मा ने अब तक 148 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले और चार शतक व 29 अर्धशतकों की मदद से 3853 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 140 के करीब रही है। वहीं, विराट कोहली ने 114 मैचों में एक शतक और 37 अर्धशतकों की मदद से 4008 रन बनाए हैं।

भारतीय टीम के पास रुतुराज गायकवाड़, इशान किशन, यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के रूप में युवा ओपनर तैयार हैं। सभी ने आईपीएल में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। हालांकि, युवा बल्लेबाज अगर चलने में कामयाब नहीं हुए तो बीसीसीआई रोहित शर्मा के पास दोबारा संपर्क कर सकता है। रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के सबसे अनुभवी क्रिकेटर हैं जबकि कोहली नंबर–2 पर हैं। पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के आठ संस्करणों में रोहित शर्मा की नियमित उपस्थिति दर्ज की गई। वह 2007 टी20 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं।

पूर्व भारतीय ओपनर गौतम गंभीर ने रोहित शर्मा के टी20 वर्ल्ड्ड कप 2024 खेलने की वकालत की है।

# हार्दिक को इज्जत से रोहित विराट को करना चाहिए रुखस्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम और उनके चाहने वालों का एक बार फिर दिल टूटा है। टीम इंडिया आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में 10 में से 10 मुकाबले जीतकर पहुंची थी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने उनका सिर्फ विजयरथ नहीं रोका। बल्कि भारत और उनके चाहने वालों का विश्व कप जीतने का सपना भी तोड़ दिया। वहीं इस हार के बाद भारतीय टीम में ट्रांजिशन आएगा। इस बात का किसी को नहीं अंदाजा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली 2027 का वनडे वर्ल्ड कप खेलेंगे भी या नहीं। ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज गेंदबाज शोएब अख्तर ने हार्दिक पंड्या को खास मैसेद दिया है। उन्होंने कहा है कि

### शोएब अख्तर ने हार्दिक पंड्या को दिया खास मैसेज

हार्दिक को इज्जत से रोहित–विराट को रुखस्त करना चाहिए।

रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से मशहूर शोएब अख्तर ने हार्दिक पंड्या को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने एक न्यूज चौनल पर हार्दिक को लेकर कहा, जब धोनी आया तो उन्होंने सचिन तेंदुलकर को इज्जत दी। जब विराट आया तो उसने धोनी को इज्जत दी। अब यह हार्दिक पंड्या पर है कि वह कैसे रोहित और विराट को फेयरवैल देता है। अब यह पंड्या पर है। उन्होंने आगे कहा, पंड्या को विराट–रोहित को इज्जत के साथ दोनों को रुकस्त करना होगा। वह यह इज्जत डिजर्व करते हैं। मैं शायद हार्दिक पर प्रेशर डाल रहा



हूं। लेकिन उसे रोहित और कोहली को वो रिसपेक्ट देनी होगी। हार्दिक उन दोनों की वजह से ही टीम में है। जो फेवर उसे उन दोनों से मिले हैं अब उसको चुकाने की बारी है। इसके अलावा रोहित शर्मा और विराट कोहली भारतीय क्रिकेट के लीजेंड हैं। तो उनके जाने से पहले उन्हें वो रिसपेक्ट मिलनी चाहिए जो वो डिजर्व करते हैं।

बता दें कि रोहित शर्मा और विराट कोहली पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप के बाद से एक भी टी20 मैच नहीं खेले हैं। वहीं अब 2024 में एक बार फिर टी20 विश्व कप होना है। अब देखना होगा कि इस वर्ल्ड कप में रोहित–विराट टीम में होते हैं या नहीं।

### टीम इंडिया से कट सकता है इस खिलाड़ी का पत्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार, 26 नवंबर को पांच मैचों की टी–20 सीरीज का दूसरा मैच खेला जाएगा। यह मैच तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा। भारत ने पहला मैच 2 विकेट से जीतते हुए सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है। भारतीय टीम दूसरे मैच के लिए प्लेइंग इलेवन में बदलाव कर सकती है। पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जोश इंग्लिस की 50 गेंद में 110 रन की पारी की बदौलत 20 ओवर में 3 विकेट पर 208 रन बनाए। जवाब में, भारत 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ईशान किशन की 39 गेंद में 58 रन और सूर्या की 42 गेंद में 80 रन की पारियों की बदौलत टीम ने वापसी की। रिंकू सिंह की 14 गेंद में नाबाद 22 रनों की पारी ने भारत को 19.5 ओवर में जीत दिला दी। भारतीय बल्लेबाजी तो कमाल की रही, लेकिन गेंदबाजी में मुकेश को छोड़ और कोई प्रभावित नहीं कर सका। ऐसे में भारतीय टीम कुछ बदलाव के साथ उतर सकती है।

पेज थ्री देहरादून

सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन पर प्रेस ब्रीफिंग करते हुए सीएम व अन्य।

देहरादून, रविवार, 26 नवंबर 2023 पेज 8

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। विकासखण्ड रायपुर की ग्राम पंचायत सौड़ा सरौली, में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर अपर सचिव, पर्यटन विभाग भारत, सरकार राकेश कुमार वर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर सभी विभागों के स्टॉल लगे थे, जिनका अवलोकन निरीक्षण अपर सचिव, पर्यटन विभाग, भारत सरकार महोदय द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान ग्राम पंचायत सौड़ा सरौली द्वारा की गई।

### 13 दिसम्बर को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज होगा चयन ट्रायल्स

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानाचार्य महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून राजेश ममगाईं ने अवगत कराया है कि महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून के सेन्टर ऑफ में खेल एथलेटिक्स एवं बॉक्सिगं यपुरूष एवं महिला वर्ग में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 11 दिसम्बर 2023 की सांय 5:00 बजे तक आवेदन पत्र वांछित प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति सहित पंजीकृत डॉक स्पीड पोस्ट या सीधे कार्यालय में जमा कर सकते है। जिन खिलाड़ियों के आवेदन पत्र निर्धारित मानकों के अनुसार चयनित हो जाते है, उनका चयन ट्रायल्स दिनांक 13 दिसम्बर 2023 को प्रातः 9:00 बजे महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर देहरादून में आयोजित किया जायेगा।

### खेल स्पर्धाओं ने बच्चों ने दिखाया दमखम

**संवाददाता** देहरादून। श्री गुरुराम राय पब्लिक स्कूल प्राइमरी शाखा के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों ने खूब दमखम दिखाया। इसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुई, जिनमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। वर्षभर की गतिविधियों में टैगोर सदन प्रथम स्थान पर रहा। कार्यक्रम में सफल बनाने में शशी शर्मा, रुचित रतूरी, सोनाली, हिमानी, तृप्ति शाह, अनीता शर्मा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कार्तिकेय ने किया तारकासुर का वध

**संवाददाता** देहरादून। भगवान शिव व माता पार्वती के विवाह के पश्चात उनके पुत्र कार्तिकेय ने तारकासुर का वध किया। जिसने ब्रह्मा देव से वरदान प्राप्त कर रखा था यदि मेरी मृत्यु हो तो शिवपुत्र के हाथों। ताड़कासुर का वध में समस्त देवों ने कुमार का सहयोग किया। भगवान शिव कुमार कार्तिकेय को उपदेश देते हुए कहते हैं– पुत्र संगठित होकर के जिस प्रकार आप सभी ने तारकासुर का वध किया ठीक इसी प्रकार समाज के लोग यदि एकता के सूत्र में बंध जाएं तो आज बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है।

# सभी को जल्द ही बहार निकाल लिया जाएगाः सीएम

**निर्देश**

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का लिया जायजा

■ पाइप में फंसी ऑगर मशीन को अतिशीघ्र निकाला जाए

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सिलक्यारा, उत्तरकाशी में सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनल में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने ऑगर मशीन की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पाइप में फंसी ऑगर मशीन को अतिशीघ्र निकाला जाए। ऑगर मशीन को निकालने हेतु जो मशीन या टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो, उसे अति शीघ्र मंगवाया जाए।

मुख्यमंत्री ने टनल में फंसे श्रमिकों को भेजे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच भी की। उन्होंने श्रमिकों को भोजन भेजने की विधि को भी जाना। उन्होंने कहा श्रमिकों की हर मांग को प्राथमिकता से लिया जाए। एवं जो सामग्री संभव हो उन्हें भेजा जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनल में एसडीआरएफ द्वारा स्थापित ऑडियो कम्युनिकेशन सेटअप के माध्यम से अंदर फंसे श्रमिकों में से गब्बर सिंह, सबाह अहमद, अखिलेश से बात कर सभी मजदूरों के बारे में जानकारी ली, साथ ही उनका हौसला आफजाई किया। मुख्यमंत्री ने वार्ता के दौरान कहा कि देश एवं दुनिया के विशेषज्ञ मदद हेतु दिन रात काम में जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं एवं प्रत्येक दिन स्वयं जानकारी जुटा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने अंदर फंसे श्रमिकों से कहा कि कोई भी दिक्कत होने पर अधिकारियों को सूचित करें। उन्होंने कहा आप सभी को जल्द ही बहार निकाल लिया जाएगा। पूरा देश आपके साथ खड़ा है। केंद्र एवं राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि सभी श्रमिकों को शीघ्र और सुरक्षित बाहर निकाला जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी अधिकारियों, विशेषज्ञों एवं अभियान में जुटे लोगों के उत्साह में कमी न आने देने की बात कही। उन्होंने कहा जो भी तकनीक एवं संसाधन मौजूद हैं उनका इस्तेमाल कर रेस्क्यू ऑपरेशन में और अधिक तेजी लाई जाए। और जरूरत हो तो अतिरिक्त संसाधनों को भी बाहर से तत्काल मंगाया जाए। राज्य सरकार की ओर हर संभव सहयोग दिया जाएगा। हम सभी मिलकर अति शीघ्र राहत एवं बचाव कार्य को पूर्ण करेंगे।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार एवं उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस संधु, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय( भारत सरकार) के सचिव अनुराग जैन, एमडी एनएचआईडीसीएल महमूद अहमद, कमिश्नर गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे, , रेस्क्यू अभियान के समन्वयक सचिव डॉ. नीरज खैरवाल, पीएमओ उप सचिव मंगेश घिल्डियाल, विधायक संजय डोभाल, विधायक सुरेश चौहान, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### सरकार पूरी शिद्दत के साथ रेस्क्यू कार्य में जुटी है

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सिलक्यारा, उत्तरकाशी में सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन के संबंध में अस्थाई मीडिया सेंटर, सिलक्यारा में प्रेस ब्रीफिंग की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में सरकार पूरी शिद्दत के साथ रेस्क्यू कार्य में जुटी है। पाइप में फंसी ऑगर मशीन को जल्द ही काट के निकाल लिया जाएगा। जिसके लिए हैदराबाद से प्लाज्मा कटर भी मंगाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं कम्युनिकेशन सिस्टम के माध्यम से अंदर फंसे लोगों से बात की है। अंदर फंसे सभी श्रमिक स्वस्थ हैं। रेस्क्यू कार्य में तकनीकी और संसाधनों की कोई कमी नहीं है।

# चयनित अभ्यर्थी योग्यता के बल पर सर्वोत्तम देने का करें प्रयास

**नियुक्ति पत्र**

■मुख्यमंत्री ने कनिष्ठ सहायक के पदों पर चयनित 16 अभ्यर्थियों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से कनिष्ठ सहायक के पद पर चयनित 16 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इनमें महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के 12 तथा संस्कृति विभाग के 4 अभ्यर्थी शामिल थे।

मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से आपके जीवन का नया अध्याय प्रारम्भ हो रहा है। आप सबकी कड़ी मेहनत तथा माता पिता एवं गुरूजनों के आशीर्वाद से आपको यह सफलता मिली है। इस सफतला के बाद आपको नये जीवन में मानक तय करने होंगे। अपनी प्रतिभा, क्षमता तथा योग्यता के बल पर अपनी कार्य पद्धति में अपना सर्वोत्तम देने का प्रयास करना होगा। अपने कार्यक्षेत्र में पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ नये जीवन की शुरुआत आत्म अनुशासन और नियमित दिनचर्या के साथ करें। जन सेवा करने का आप सबको जो अवसर मिला है, इसमें अपनी सामर्थ्य का पूरा उपयोग करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य का जीवन अमूल्य है। कई जन्मों के बाद मनुष्य जीवन प्राप्त होता है। इसे ईश्वर का वरदान समझे तथा अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें। इससे आप सभी को आत्म संतोष भी प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे अच्छे एवं बुरे कार्यों का पूरा हिसाब ईश्वर रखते है इसलिये अपने कार्यक्षेत्र में भूलकर भी गलत कार्य न करें। आपके अच्छे कार्यों का लाभ आपको तो मिलेगा ही इससे समाज भी लाभान्वित होता है।

इस अवसर पर सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास श्री हरिचन्द सेमवाल, निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास प्रशान्त आर्य, निदेशक संस्कृति सुश्री बीना भट्ट सहित अन्य अधिकारी एवं नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी उपस्थित थे।

### एक दिवसीय हितभागी कार्यशाला का किया गया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। शनिवार को उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन एवं पुर्नवास विभाग, उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) के तत्वाधान में एकदिवसीय हितभागी कार्यशाला का आयोजन देहरादून स्थित होटल पैसेफिक में प्रातः 10:00 बजे से किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य आपदा प्रबन्धन विभाग के अन्तर्गत विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित उत्तराखण्ड डिजास्टर प्रीपेयर्डनेस एण्ड रजिलियेन्ट परियोजना के बारे में सम्मिलित उत्तराखण्ड सरकार के सभी रेखा विभागों यथा लोक निर्माण विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग, अग्नि शमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को विश्व बैंक की नीतियों एवं कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देना था। विदित हो कि उत्तराखण्ड के आपदा प्रबन्धन विभाग के अर्न्तत विश्व बैंक द्वारा एक परियोजना का क्रियान्वयन किया जाना प्रस्तवित है।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।